प्रादेशिक समाचार
06.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में कर्तव्य भवन–3 का किया उद्‌घाटन, अब से थोड़ी देर बाद एक सभा को करेंगे संबोधित।

2. राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत नाजुक, पांच दिन बाद भी नहीं आया होश, इलाज के लिए मुंबई और बेंगलुरु से चिकित्सकों की विशेष टीम दिल्ली पहुंची।

3. झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमानत देने से किया इनकार, याचिका खारिज।

4. राज्य में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी में जुटी भाजपा, बैठकों और कार्यशालाओं का दौरा जारी, 10 से 15 अगस्त तक जगह–जगह आयोजित होंगे कई कार्यक्रम।

5. 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश को 3–1 से पराजित कर फाइनल में बनायी जगह, महिला टीम भी पहुंची क्वार्टर फाइनल में।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–3 का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने नए भवन का निरीक्षण किया और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल उपस्थित थे। ये भवन व्यापक परिवर्तन के सेंट्रल विस्टा। परियोजना का हिस्सा है। यह आगामी साझा केन्द्रीय सचिवालय के कई भवनों में से पहला भवन है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और चुस्त–दुरस्त करना है। इस अवसर पर श्री मोदी अब से थोड़ी ही देर बाद एक सभा को संबोधित करेंगे।

*******************

दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें अब तक होश नहीं आया है। वे लगातार लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। उनके ऑपरेशन को लेकर डॉक्टर कोई निर्णय नहीं ले सके हैं। इस बीच उनके इलाज के लिए मुंबई और बेंगुलुरु से चिकित्सकों की एक विशेष टीम दिल्ली पहुंची है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर राज्य में शोकसभाओं के आयोजन का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में आज दुमका में विभिन्न संगठनों द्वारा स्मृति यात्रा निकाली गयी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न सम्मान देने, दुमका रेलवे स्टेशन का नाम उनके नाम पर रखने तथा उनकी स्मृतियों और उनके संघर्ष की कहानी को अक्षुण्ण रखने के लिए दुमका में संग्रहालय की स्थापना करने की मांग की गयी।

*******************

इधर, दिशोम गुरु को भारत रत्न सम्मान देने की मांग तेज हो गयी है। झामुमो कोटे से राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा है कि शिबू सोरेन को उनके योगदान के लिए पहले ही भारत रत्न दिया जाना चाहिए था।

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने भी कहा है कि दिशोम गुरु आदिवासियों के सबसे बड़े नेता थे और उन्हें भारत रत्न देने की मांग पूरे झारखंड की ओर से की जा रही है।

*******************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक और भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने लिखा है कि आज नेमरा में सुबह का सूरज भी उदास था। उन्होंने शिबू सोरेन के सपनों को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहरायी है।

*******************

रांची के बरियातू रोड में सेना की कब्जे वाली 4 दशमलव 55 एकड़ जमीन से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने छवि रंजन की याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया है। इससे पहले 25 जुलाई को कोर्ट ने इडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि इससे पहले रांची पीएमएलए कोर्ट ने भी छवि रंजन को बेल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद छवि रंजन ने हाईकोर्ट से जमानत देने की गुहार लगाई थी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरे देश में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। अभियान की सफलता के लिए झारखंड में भी बैठकों और कार्यशालाओं का दौर जारी है। इस सिलसिले में आज जमशेदपुर के मानगो स्थित राजस्थान भवन सभागार में पार्टी की एक अहम बैठक हुई। बैठक में अन्य पार्टी नेताओं के अलावा जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू भी शामिल हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को जन आंदोलन बनाने को लेकर चर्चा हुई।

*******************

राज्य के आदिवासी संगठनों ने रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषाओं के गाइड की नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इस सिलसिले में आज पूर्व मंत्री देवकुमार धान के नेतृत्व में आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मुलाकात कर इस पर कार्रवाई की मांग की।

*******************

गिरिडीह में मोटे अनाज को बढ़ावा देने की पहल तेज कर दी गयी है। जिले के उपायुक्त ने मोटे अनाज के उत्पादन में वैज्ञानिकों से सहयोग लेने की किसानों से अपील की है।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में सफल अभ्यर्थियों के लिए जिला स्तरीय काउंसलिंग का आयोजन कल रांची के समाहरणालय भवन में किया गया है। यह काउंसलिंग कक्षा 6 से 8 के गणित एवं विज्ञान विषयों के लिए है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में कल भी बारिश की संभावना व्यक्त की है। पलामू, गढ़वा और चतरा जिले के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया गया है जबकि पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसांवा, सिमडेगा, बोकारो, धनबाद और संताल के कुछ इलाकों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मैच में झारखंड की टीम ने हॉकी मध्यप्रदेश को 3–1 से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है। उधर, आंध्रप्रदेश में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड महिला टीम ने भी अपने दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ को 7–1 से पराजित क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

*******समाप्त********